


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live


बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 329 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 16 सितम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया




## स्वच्छता परीक्षा की राह में रोड़ा बनेगा नाहर सय्यद तालाब..!

### प्रस्ताव की फाईल तैयार कर भूले जिम्मेदार, 15 साल गुजरे, अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा तालाब

**मंदसौर, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में तालाबों और नदियों की स्वच्छता भी काउंट की जाएगी। मतलब तालाब या नदी अस्वच्छ है तो इसके नंबर कटेंगे। वैसे तो तैलिया तालाब हो या शिवना नदी शहर प्रदूषण से मुक्त होना सपना लग रही है। लेकिन, सबसे महत्वपूर्ण है नाहर सय्यद तालाब। जो अपने अस्तित्व की लड़ाई खुद लड़ रहा है। जिम्मेदारों की लापरवाही और अनदेखी स्वच्छता की राह में रोडा बनेगी।

नाहर सैयद दरगाह के समीप बने तालाब में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और एनजीटी के कानून के बावजूद नगर पालिका की सरपरस्ती में इंद्रा कालोनी, झुग्गी बस्ती सहित कुछ कालोनियां बन गई हैं। इन सभी क्षेत्रों का गंदा पानी सीधे तालाब में मिल रहा है। इससे पानी हरा व बदबूदार हो गया है। दरगाह के समीप से निकल रहे मार्ग सहित तालाब के अंतिम छोर तक चार स्थानों पर गंदे पानी के नाले तालाब में मिल रहे हैं। नाहर सैयद दरगाह परिसर में दूर-दूर से हजारों जायरीन आते हैं। वर्तमान में तालाब में गंदे पानी के नाले मिल रहे हैं। इसके बावजूद नपा द्वारा इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वर्ष 2008-09 में तत्कालीन नपाध्यक्ष प्रहलाद बंधवार ने नाहर सैयद तालाब के सौन्दर्यकरण व संरक्षण के लिए पांच करोड़ रूपये का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा था। इसमें कुल लागत का 10 फीसदी नपा द्वारा वहन करने का प्रस्ताव परिषद की बैठक में पास भी हो गया था। वर्ष 2011 में नपाध्यक्ष कुसुम गुप्ता बनी, उसके बाद तालाब विकास की फाइल भी ठंडे बस्ते में चली गई। 2015 में हुए चुनाव में फिर से नपाध्यक्ष प्रहलाद बंधवार बने थे। जनवरी 2019 में उनकी हत्या हो गई। इसके बाद जुलाई-19 में नगर पालिका में मनोनीत अध्यक्ष मो. हनीफ शेख बने, फिर फरवरी-20 में पार्षदों द्वारा चुनाव में भाजपा के राम कोटवानी अध्यक्ष बने। 26 जनवरी 2021 को उनका कार्यकाल पूरा हो गया। फिर प्रशासक बने मनोज पुष्प और उसके बाद कलेक्टर गौतमसिंह, पर किसी ने भी इस फाइल को हाथ तक नहीं लगाया।


फाईल फोटो

#### यह था प्रस्ताव...

प्रस्ताव में तालाब का सौन्दर्यकरण कर रमणीय स्थल के रूप में विकसित करने व तालाब को अतिक्रमण से बचाने के लिए चारों ओर बाउंड्रीवाल बनाना थी। इसके लिए 2008-09 में लगभग 10 लाख रुपये में रोड किनारे बाउंड्रीवाल बनाई थी। यह वर्तमान में जगह-जगह से टूट गई है। इसके अतिरिक्त तालाब के चारों तरफ लाइटिंग, गहरीकरण, तालाब के मध्य फव्वारे लगाने व पैदल पुल का निर्माण करने का प्रस्ताव तैयार किया गया था।

#### फिर कर रहे दावे...

केंद्र सरकार की अमृत योजना के प्रथम चरण में चंबल का पानी मंदसौर आ गया और दो-तीन बगीचों पर काम हो रहा है। अब अमृत योजना के दूसरे चरण पर काम शुरू हो रहा है। जिम्मेदारों के अनुसार इसमें शिवना नदी, तेलिया तालाब व नाहर सैयद तालाब को पूरी तरह से शुद्ध रखा जाएगा। साथ ही कालाभाटा बांध के पास खाली पड़ी शासकीय जमीन पर बगीचा व हरियाली विकसित की जाएगी। केंद्र सरकार द्वारा तय की गई कंसलटेंट कंपनी के कर्मचारी अभी इसकी डीपीआर बनाने में लगे हैं। सभी जगह का सर्वे किया जा रहा है। इसके साथ ही नदी व तालाबों में मिल रहे गंदे नालों की जगह और ख़राब स्थिति भी देखी जा रही है।

#### द्विमुखी चिंताहरण गणपति की मूर्ति भी इसी तालाब से निकली थी...

ऐसी मान्यता है कि मंदसौर के गणपति चौक में स्थापित श्री द्विमुखी चिंताहरण गणपति की विशाल प्रतिमा भी नाहर सैयद तालाब से ही निकली थी। इसे बैलगाड़ी से नरसिंहपुरा ले जाया जा रहा था, तभी बैलगाड़ी के पहिये वर्तमान गणपति चौक में ही रुक गए। आगे नहीं बढ़े तो मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा वहीं कर दी गई।

#### गंदे पानी में लगा रहे है डुबकी...

तालाब को लेकर मान्यता है कि इसमें नहाने पर महिलाओं की गोद भर जाती है। खासकर होली पर्व के मौके पर तालाब में नहाकर जियारत करने वाली महिलाओं की गोद अवश्य भरती है। होली पर दूर-दूर से सभी धर्मों की महिलाएं पहुंचती है। इसमें हिंदू महिलाओं की भी अच्छी खासी संख्या रहती है। अभी दरगाह पर आने वाली महिलाएं तालाब के गंदे पानी में डुबकी लगा रही है। नपा द्वारा पानी साफ रखने के कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं।

## ऐट लेनः मंदसौर के उद्योगपतियों को नहीं मिला लाभ, निराशा

**मंदसौर, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नई दिल्ली-मुंबई ऐट लेन एक्सप्रेस वे मध्यप्रदेश में मंदसौर के अलावा रतलाम और झाबुआ जिले से गुजर रहा है। लेकिन, इसमें



सबसे ज्यादा निराशा मंदसौर जिले के उद्योगपतियो के हाथ लगी है। ऐसे उद्योगपति जो यहां अपने उद्योग को डेवलप कर तैयार माल मुंबई और दिल्ली के अलावा देश से बाहर भेजने के सपने बरसों से देख रहे हैं, वे काफी निराश है। एक्सप्रेस वे ने दिल्ली-मुंबई से कनेक्ट तो कर दिया है। लेकिन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की लापरवाही कहें या अनदेखी की औद्योगिक क्षेत्र में जिला पिछड़ा हुआ ही है। जिसके कारण एक्सप्रेस वे बनने के बाद रतलाम जैसी जगहों पर उद्योगपतियों की बल्ले-बल्ले हो गई है। वहीं मंदसौर के उद्योगपति अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं। रतलाम के औद्योगिक निवेश क्षेत्र के लिए एक्सप्रेस वे ऑक्सीजन की तरह काम कर रहा है। इसके बनने के बाद कारोबार, उद्योग, यात्री सभी को इससे लाभ होना शुरू हो गया है। मात्र दस घंटे में मुंबई या नई दिल्ली तक कारोबारी लदान भेज पा रहे हैं।

करीब 50 साल पहले मंदसौर में औद्योगिक क्षेत्र तैयार किया गया। उसके बाद उद्योग के लिए अन्य क्षेत्र भी डेवलप किए गए। लेकिन, आज भी यहां लोगों को मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं है। कई बार उद्योगपति अपना विरोध दर्ज करा चुके हैं। लेकिन, मंत्री, विधायक, सांसद और अधिकारियों से सिर्फ आश्वासन ही मिले। महू-नीमच राजमार्ग पर उद्योगो के लिए 180 प्लॉट काटे गए थे। जहां 05 हजार वर्ग फीट से लेकर 1 लाख वर्ग फीट तक की फैक्ट्रियां संचालित हो सकती हैं। हैरानी की बात यह है कि 50 साल में यहां आज भी नाली, पानी व स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाएं समुचित नहीं हैं। सड़क का निर्माण भी अभी थोड़े समय पहले ही हुआ। अगर यहां ध्यान दिया जाता तो मंदसौर जिले के उद्योगपति भी अपने व्यापार को और ज्यादा डेवलप कर एक्सप्रेस वे का लाभ उठा सकते थे। लेकिन, असुविधाओं के कारण कई उद्योग तो यहां बंद ही हो गए। बाद में बनाए गए औद्योगिक क्षेत्र भी समुचित विकास नहीं होने से अपना भव्य आकार नहीं ले पाए।

#### रतलाम में लगेंगे नए उद्योग...

रतलाम की फैक्टरियों से उत्पादित माल को मुंबई या गुजरात के कांडला बंदरगाह तक पहुंचाने में रेल मार्ग या फिर दूसरे मार्गों का उपयोग करना पड़ता था। अब ऐट लेन एक्सप्रेस वे से अगले ही दिन इनकी बंदरगाहों पर डिलीवरी होने से व्यापार में बूम आएगी और समय पर डिलीवरी करने से व्यापार में इजाफा होगा। रतलाम जिले के पलसोड़ी गांव के यहां 1500 से ज्यादा हैक्टेयर क्षेत्र में इंडस्ट्रियल कॉरीडोर का निर्माण शुरू हो चुका है। यहां गुजरात और महाराष्ट्र से उद्योगपति आकर उद्योग लगाएंगे। सेकड़ो बडी और छोटी फैक्टरियां लगना लगभग तय है। एक्सप्रेस वे के पूरा चालू होने की दशा में यहां के उत्पादन को अन्य राज्यों तक आसानी से भेजा जा सकेगा। इंडस्ट्रियल कॉरीडोर का निर्माण ही एक्सप्रेस के ठीक पास किए जाने से यह फायदा मिलेगा। इतना ही नहीं रतलाम का गोल्ड, नमकीन, साड़ी कारोबार को भी लाभ मिलेगा। इससे छोटे कारोबारी बाहर से कम समय में उत्पाद मंगवा सकेंगे तो रतलाम से भेजने में भी लाभ होगा।

## राहतः 30 फीसदी से कम परिणाम देने वाले अतिथि शिक्षक भी कर सकते हैं आवेदन

**मंदसौर, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। अतिथि शिक्षकों के आंदोलन के बाद शासन ने बड़ी राहत दी है। सभी अतिथि शिक्षकों को आवेदन करने के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। जिन स्कूलों का 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में परिणाम 30 फीसदी से कम आया था, उनके अतिथि शिक्षकों को सेवा में नहीं रखने का आदेश जारी किया गया था। जिसके बाद इनके पोर्टल पर आवेदन करने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। इस दायरे में करीब 12 हजार से अधिक अतिथि शिक्षक आ रहे थे। अब यह प्रतिबंध भी हटा दिया गया है।**

अतिथि शिक्षको के आंदोलन के बाद अब शासन ने पोर्टल खोल दिया है और आवेदन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। बता दें, कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के 70 हजार पद खाली हैं। स्कूलों में रिक्त पदों पर अतिथि शिक्षकों की भर्ती की जानी है। उधर, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डा. संजय गोयल का कहना है कि अतिथि शिक्षकों का प्रतिनिधि मंडल विभागीय मंत्री से मिलने आया था। इसमें इस बात पर सहमति बनी थी कि फिलहाल पोर्टल सभी के लिए खोल दिया जाए। इसमें सभी लोग आवेदन कर लें और फिर एक-एक प्रकरण का परीक्षण कर आगामी निर्णय लिया जाएगा। इसमें यह देखा जाएगा कि स्कूल का परीक्षा परिणाम पूर्व में कैसा था और क्या बाद में वह प्रभावित हुआ है। इसके आधार पर इनकी नियुक्ति संबंधी निर्णय लिया जाएगा।



### मामला ढाबला महेश में जमीन विवाद में हुए हमले का....

## गंभीर घायल इंदौर रेफर, हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग

**सुवासरा, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** तहसील के ग्राम ढाबला महेश में शनिवार को जमीन विवाद को लेकर हुए हमले में गंभीर घायल विजेश प्रधान को रविवार को रतलाम से इंदौर रेफर कर दिया गया। इधर पुलिस ने हमला करवाने वाले सुरेश पिता झमकलाल, अनिल पिता झमकलाल, हीरालाल पिता कंवरलाल, गायत्री पति सुरेश सहित अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। इनमे से दो लोगो की गिरफ्तारी भी कर ली गयी। ग्राम ढाबला महेश में हुई इस वारदात को लेकर ग्रामीण भी सकते में है। आरोपियों ने जलझूलनी एकादशी त्योहार की आड़ में बाहर से बुलाये गुंडो से अपने ही परिवार के पुरुष और महिला सदस्यों को धारदार हथियारो और लट्ठ से पिटवा दिया। ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी लगी तो वे मोके पर पहुंचे। ग्रामीण कुछ समझ पाते इसके पहले ही आरोपी वारदात को अंजाम देकर भाग निकले। इस दौरान हमला करने वाले अज्ञात लोग जल्दबाजी में अपनी दो मोटरसाइकिल मौके पर ही छोड़ भागे। फरियादी परिवार ने आरोपी सुरेश प्रधान से अपनी जान के खतरे को लेकर कुछ दिन के अंतराल में दो बार थाने में आवेदन भी दिया था। लेकिन, पुलिस ने इस पर कोई कार्यवाही नही की। जिसके कारण शनिवार को फरियादी के साथ बड़ी वारदात हो गयी। पुलिस कप्तान को अपनी पैनी नजर इस और भी डालना चाहिये।

थाना प्रभारी कमलेश प्रजापति ने बताया कि चार नामजद आरोपियो में से दो की गिफ्तारी हो चुकी है। बाकी की तलाश जारी है। अज्ञात लोगों की छानबीन की जा रही है। गिरफ्तार हुए आरोपियो पर जानलेवा हमला, बलवा, मारपीट और गाली गलौज की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया। रविवार को नाराज ग्रामीण हमला करने वाले लोगों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाना प्रभारी से मिले। जहां थाना प्रभारी ने उपस्थित ग्रामीणों को अज्ञात लोगों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया।

## दो बाइक की भिड़ंत में दो घायल

**मनासा, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** कुकड़ेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम तलाऊ के समीप शनिवार-रविवार की दरमियानी रात एक सड़क हादसा हो गया। हादसे में दो बाइक की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। घटना में एक बाइक पर सवार दो युवक गंभीर घायल हो गए। जिन्हें कुकड़ेश्वर थाना डायल 100 की मदद से उपचार के लिए पहले मनासा के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार कर नीमच के बड़े अस्पताल रेफर किया गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार रात में कुकड़ेश्वर- चचौर रोड़ पर तलाऊ के के समीप दो मोटर साइकिल की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। घटना में राहुल बागरी उम्र 25 वर्ष और सुरेश बागरी उम्र 27 वर्ष गंभीर घायल हो गए है। दुर्घटना में दोनो युवक के हाथ पाव की हड्डी फ्रैक्चर हो गई। जिनका नीमच में इलाज जारी है।











# कुचड़ोद में बेंडबाजों के साथ निकले सात मंदिरों के झूले

**मंदसौर, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** समीपवर्ती गांव कुचडौद में डोल ग्यारस पर ढोल धमाका-बैंड बाजों के साथ विभिन्न आकर्षक झूलों में भगवान को विराजित कर गांव के सात मंदिरों के झूले निकाले गए। सबसे आगे गांव का प्रमुख मंदिर श्री चारभुजानाथ का रजत झूला रहा, शेष झूले उसके पीछे थे। सैकडो महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग बड़े उत्साह उमंग उल्लास के साथ वैवाण शोभायात्रा में सभी महिला पुरुष झूमते-गाते भक्ति भाव नृत्य करते हुए सम्मिलित हुए। समस्त झूलो को गांव के धोबी कुआं पर ले जाकर भगवान को स्नान कराया गया तत्पश्चात झूलों को झूला स्थल पर बने सात चबूतरो पर विराजित किया गया। पुजारीयो द्वारा पूजन आरती की गई और फिर बालम ककडी केला पंजीरी आदि का प्रसाद बांटा गया। इस बार बारिश अच्छी होने से खेतों में ककडी की फसल अच्छी होने से श्रद्धालुओं ने खूब भरपेट ढेर सारी कड़ी प्रसाद को ग्रहण किया। वापसी में सभी वैवाणो की गांव में शोभायात्रा निकाली गई जहां रास्ते में आए सभी मंदिरों में उनकी पूजा आरती की गई और अपने-अपने मंदिरों में उनको स्थापित किया गया।



## नपा ने लोक अदालत में 88 लाख रू. से अधिक की वसूली की

**मंदसौर, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में कल शनिवार को नपा परिषद के परिसर में नेशनल लोक अदालत लगायी गई। इसमें सम्पत्ति कर व जलकर की बकाया राशि पर शासन के नियमों के अनुसार अधिभार (पेनल्टी) में छूट प्रदान की गई। उक्त आशय की जानकारी देते हुए नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने बताया कि शनिवार को प्रात: 10.30 से सायं 5.30 बजे तक नपा के कार्यालयीन समय में शासन के निर्देश पर नेशनल लोक अदालत लगाई गई। इसमें सम्पत्ति कर के बकायादारों से 64 लाख 25 हजार 179 रू. की वसूली हुई। इसी प्रकार जलकल के बकायादारों से कुल 23 लाख 78 हजार 891 रू. की वसूली हुई। कुल मिलाकर लोक अदालत ने 88 लाख 4 हजार 70 रू. की वसूली की।

## आध्यात्मिक संवाद सम्पन्न

**मंदसौर, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा श्री ऋषियानंद आश्रम पर आध्यात्मिक संवाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध वक्ता श्री प्रकाश रातडिया ने कहा कि चरित्र निर्माण ही मानव जीवन की सार्थकता का आधार है। इसलिए कहा जाता है कि धन गया तो कुछ नही गया ,स्वास्थ गया तो कुछ गया व चरित्र गया तो सब कुछ चला गया। ईमानदारी,परिश्रम ,संयम व सदव्यवहार उत्कृष्ट चरित्र के आधार है ।महाप्रुरूषो के जीवन से सदगुणों की प्रेरणा ली जा सकती है।आपने नीति नियंता चाणक्य,महात्मा गाँधी व लालबहादुर शास्त्री के जीवन के प्रेरक प्रसंग उद्धत किये। वरिष्ठ साहित्यकार श्री गोपाल बैरागी ने कहा कि हनुमानजी ने अपने महान व्यक्तित्व व कार्यो के बावजूद सदैव स्वयम को विनम्र व सरल बनाये रखा व अपनी सभी उपलब्धियों को भगवान श्री राम की कृपा बताया। निरभिमानता महानता के लिए आवश्यक है।


# जल झूलनी पर्व पर दिया स्वच्छता का संदेश

### स्वच्छता ही सेवा में नागरिक जुड़ाव व मनासा में बजेगा गन्दगी का बैंड थीम आयोजित

**मनासा, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंर्तगत नागरिक जुड़ाव करते हुए जलझुलनी एकादशी पर्व पर रामतलाई पर आयोजित मेले पर स्वच्छता जागरूकता संदेश के बेनर पोस्टर की प्रदर्शनी लगाई। साथ ही परिषद द्वारा नवाचार के रूप में मनासा में अब बजेगा गन्दगी का बैंड का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आयोजन स्थल पर भजन गायक पंकज तिवारी ग्रुप द्वारा स्वच्छता गीत की प्रस्तुति देकर गन्दगी का बैंड बजाया गया। विधायक अनिरुद्ध (माधव) मारू, नप अध्यक्ष डॉ. सिमा तिवारी, उपाध्यक्ष किशोर जोलान्या, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर अजय तिवारी सहित पार्षदगण उपस्थित थे। नगर परिषद के सहयोगी संस्था के कमलेश कारपेंटर ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। विधायक अनिरुद्ध माधव मारू ने सभी को झलझुलनी एकादशी की शुभकामनाएं दी ओर कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अभियान चलाया गया और घर घर शौचालय बनाने का काम किया है। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलेगा। इसमे हम सभी की भागीदारी हो। अध्यक्ष डॉ. सीमा अजय तिवारी ने कहा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में स्वच्छत्ता पर साइकिल रैली, निबंध प्रतियोगिता, कचरे से कला, ओर वेस्ट से बेस्ट के साथ ही विभिन्न गतिविधियों का आयोजन नगर परिषद द्वारा किया जाएगा। आप सभी नागरिक भी इससे जुडे ओर मनासा को स्वच्छता में नंबर वन बनाने में सहयोग करे। ब्रांड एम्बेसडर अजय तिवारी ने कहा नगर परिषद घर घर दस्तक अभियान ओर गंदगी का बैंड बजाकर हमे जागरूक करने का काम कर रही है। हम सभी ने रामतलाई में श्रमदान कर इसे सँवारा हो और आज मन्दिरो की नगरी मनासा के सभी भगवान को रामतलाई के पवित्र जल में स्नान कराया गया है। जिस तरह हमने रामतलाई को सँवारा है उसी तरह नगर को भी सुंदर, स्वच्छ और स्वस्थ्य रखना होगा। रामतलाई में पूजा अर्चना के दौरान तलाई में कोई भी फूल माला ओर पूजन सामग्री नही डाले इसके लिए भी परिषद ने सभी से अपील की।

## ध्वजा अभियान से सनातन ध्वजा लहराई

**मंदसौर, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** हिंदूवादी भाजपा युवा नेता गौरव अग्रवाल ने सनातन धर्म से युवा पीढ़ी को जोड़ने और धर्म जन जागरण के लिए हनुमान जी के मंदिरों पर हर मंगलवार शनिवार को ध्वजा चढ़ाने, सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करने और बालाजी की आरती करने की जो पहल की वह पहल रंग लाने लगी है। इस ध्वजा आयोजन में अब बड़ी संख्या में सनातनी आने लगे हैं और पूरे उत्साह से भाग ले रहे हैं। शनिवार को यश बालाजी मंदिर पर धूमधाम से ध्वजा चढ़ाई गई। जय श्रीराम के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा, युवाओं में जो उत्साह दिखाई दिया यही गौरव अग्रवाल का लक्ष्य था कि युवाओं को धर्म से जोड़ें ताकि आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति और परंपराओं का निर्वहन करती रहे। ध्वजा चढ़ाने के बाद सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके बाद आरती हुई जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व गृहमंत्री कैलाश चावला ने भी भाग लिया। रेडक्रास चेयरमैन प्रीतेश चावला भी आयोजन में सम्मिलित हुए। हेमन्त बुलचंदानी, हिन्दू युवा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी चैतन्य सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष ईश्वर सिंह गेहलोद, अपने संगठन के साथियों के साथ उपस्थित रहे। अंकित माहेश्वरी, निखिल पंवार, विकास सूर्यवंशी, पुष्कर



दईया, उमेश सुहाना, विक्की गौसर, दीपक कुमावत, कपिल पांडे, सोना पांडे, मनीष परिहार, जीतू पांडे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे, इस अवसर पर मनीष परिहार का केक काटकर जन्मदिवस मनाया गया। गौरव अग्रवाल ने सभी का आभार माना। आने वाले मंगलवार को जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित बालाजी मंदिर पर ध्वजा चढ़ाई जाएगी। धर्म प्रेमी जनता अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लें।



# आरक्षण में वर्गीकरण के फैसले के समर्थन में 22 को रैली एवं आमसभा

**मंदसौर, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक निर्णय का आरक्षण में वर्गीकरण के फैसले का सम्मान करते हुए वाल्मीकि समाज एवं वंचित समाज में आरक्षण में वर्गीकरण के बारे में प्रसार प्रचार एवं वंचित समाज को इस हिस्सेदारी के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से आज पिपलीया में वाल्मीकि समाज व वंचित समाज को पेम्पलेट बांटे एवं मिंटीग की गई। इसके बाद मल्हारगढ में भी वाल्मीकि समाज में मिटींग की गई एवं पेमप्लेट बाटे एवं आरक्षण के बारे में जानकारी दी इसके बाद नारायणगढ में भी वाल्मीकि समाज में मिटींग की एवं पेमप्लेट बाटे एवं आरक्षण के बारे में जानकारी दी। इसके बाद बुढा, टकरावद में पैमप्लेट बाटे। इसके बाद ये कारवां संजीत पहुंचा वहा पर भी वाल्मीकि समाज एवं वंचित समाज के मोहल्ले में मीटिंग की एवं पैमप्लेट बाटे एवं आरक्षण के बारे में जानकारी दी एवं 22 सितम्बर को जो मंदसौर में आरक्षण में वर्गीकरण के लिए रैली निकालकर माननीय राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर महोदय के नाम ज्ञापन दिया जायेगा। जिसमें सम्मिलित होने की अपील की। इस कारवां में सकल वाल्मीकि समाज अध्यक्ष राजाराम तंवर, वाल्मीकि समाज पटेल मुकेश चनाल, विनोद खैरालिया, मंगल कोटीयाना, भेरुलाल बारवासीया, पवन दलोर, विजेंद्र चनाल, विनोद छपरी, सतीश खैरालिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# रेडक्रास जिला चिकित्सालय परिसर में खुलेगा पीएम भारतीय जन औषधि केन्द्र

**मंदसौर, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिला चिकित्सालय परिसर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र खुलेगा। जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव करेंगे। यह औषधि केन्द्र जिला भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वार संचालित किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने संबंधित अधिकारियों और रेडक्रॉस सोसायटी को प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र शुरू करने से संबंधित सभी जरूरी व्यवस्थाओं और प्रक्रियाओं




को पूर्ण कराने के निर्देश दिये हैं।

जिला भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमेन प्रितेश चावला ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर के अवसर पर सुबह 10.30 बजे भोपाल में कुशाभाऊठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर से मंदसौर के जिला चिकित्सालय में शुरू होने वाले प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का वर्चुअल शुभारम्भ करेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। इसके लिए संपूर्ण तैयारियां पूरी कर ली गई है। जन औषधि केन्द्र का संचालन भारतीय रेडक्रास सोसाइटी द्वारा किया जाएगा। केंद्र सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर बाजार दर से कम मूल्य पर जेनरिक दवाएं इस केंद्र पर उपलब्ध होंगी। उत्पाद समूह में 2000 से अधिक दवाइयाँ और 300 से अधिक सर्जिकल आइटम शामिल हैं। जिसका लाभ आम नागरिकों को मिलेगा। भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा मंदसौर की प्रबंध समिति के चेयरमैन प्रीतेश चावला ,वाइस चेयरमैन संजय पोरवाल , राहुल सोनी ट्रेजरार राजेन्द्र अग्रवाल (प्रदेश प्रतिनिधि), राजकुमार गुप्ता (प्रदेश प्रतिनिधि), सुनील बंसल, प्रकाश सिसौदिया, डॉ. प्रितिपाल सिंह राणा, नरेन्द्र कुमार मारू, डॉ. कमलेश कुमावत, राजेश नामदेव, हेमन्त शर्मा, विकास जैन, शैलेन्द्र भंडारी, प्रमोद अरवेंदेकर, चन्द्रशेखर निगम, डॉ. आशीष खिमेसरा, पुष्पेन्द्र भावसार, विजय मेहता, कुलदीप सिंह सिसौदिया ने शुभारंभ पर जनप्रतिनिधियों, समाजिक पदाधिकारियों, संगठनों, मिडिया बंधुओं और नागरिकों से उपस्थित होने का आग्रह किया।

# हिंदी रचना काव्य पाठ कर मनाया हिंदी दिवस

**मंदसौर, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद मंदसौर ने हिंदी दिवस के उपलक्ष में हिंदी रचनाओं का काव्य पाठ कर पुरातत्व ज्ञाता कैलाशचंद्र पांडे के मुख्य आतिथ्य, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल एवं प्रेस क्लब अध्यक्ष ब्रजेश जोशी के विशेष आतिथ्य तथा डॉ. उर्मिला तोमर श्रीमती चंदा डांगी, श्रीमती स्वाति रिछावरा, अजय डांगी, नरेंद्र त्रिवेदी, नरेंद्र भावसार, नंदकिशोर राठौर, हिमांशु वर्मा, युवराज राठौर, अजीजुल्लाह खान, राजकुमार अग्रवाल की उपस्थिति में हिंदी दिवस मनाया।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री पांडे ने कहा कि हिंदी को राजभाषा का दर्जा



जरूर मिला पर हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के प्रयास शुरू से ही नहीं किए गए। अभिलेखों में इसका उल्लेख 2001 तक कहीं नहीं मिलता है। डॉ. बटवाल ने कहा कि हिंदी हिंद की भाषा है जो राजभाषा के रूप में प्रतिष्ठित है। हिंदी से हिंद की पहचान है, इस पहचान को राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित किए जाने के प्रयास वर्तमान में किये जा रहे हैं जिसमें कुछ सफलता हमें मिली है। डॉक्टरेट एवं इंजीनियरिंग की पढ़ाई अब हिंदी में होने लगी है किंतु न्यायालय की भाषा के रूप में अभी भी इसे स्थापित करने की आवश्यकता है। श्री जोशी ने कहा कि हिंदी का उपयोग के साथ प्रयोग वर्तमान में अधिक होने लगा है जिससे प्रभावित होकर फिल्म उद्योग, टेलीविजन, सीरियल और सबसे बड़ा विज्ञापन जगत ने इसे महसूस किया इसलिए यह सभी हिंदी का प्रयोग करके लाभ प्राप्त कर रहे हैं इसलिए हिंदी सिर्फ भावों की ही नहीं लाभ की भाषा भी है। डॉ. उर्मिला तोमर ने अपने विचार रखते हुए अपनी हिंदी कविता जय हिंद जय हिंद सुनाई नंदकिशोर राठौर ने हिंदी कविता है मुकुट हिमालय भारत का, माथे की बिंदी हिंदी है सुनाई श्रीमती डांगी ने कविता चाहा है राजभाषा हिंदी, राष्ट्रभाषा बने सुनाई युवराज राठौर ने कविता हमारी आंखों के सामने चोरी हो रही मां से मां चंदा मामा से लोरी हो रही कविता सुनाई। कार्यक्रम में अजीजुल्लाह खान और अजय डांगी ने भी हिंदी की स्थिति के बारे में अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र भावसार ने किया व आभार नंदकिशोर राठौर ने माना।

# एड्स को नियंत्रित करने हेतु जागरूकता अभियान की कार्यशाला संपन्न

**मंदसौर, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की कक्षाओं में एडजागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रोजेक्ट मैनेजर शैलेन्द्रसिंह भाटी ने बताया की एचआईवी एडफैलने के मुख्य कारण असुरक्षित यौन संबंध बनाने से, दूसरा संक्रमित सुई (निडील) से, तीसरा संक्रमित गर्भवती महिला से होने वाले बच्चे को, चौथा किसी व्यक्ति मे संक्रमित खून चढाने से संक्रमण अधिक मात्रा मे फैलता है। बचाव हेतु ज़ब भी खून(ब्लड) ले शासकीय चिकित्सालय



लेब से ले। गर्भवती माँ की डिलेवरी हमेशा शासकीय चिकित्सालय मे हीं हो। नरेंद्र अरोरा डीएसआरसी कॉउंसललर द्वारा बताया गया कि एचआईवी एडके नियंत्रण व रोकथाम हेतु गर्भवती माँ अगर पॉजिटिव हो तो उसके शिशु के पैदा होने के तुरंत 2 घंटे या 72 घन्टे शासकीय चिकित्सालय में टिका लगवाये ताकि शिशु को नेगेटिव कर सके और शिशु को बचाया जा सके। डिलेवरी के दौरान गर्भवती माँ को इंजेक्शन लगाना होता है।बचाव हेतु अगर एचआईवी पॉजिटिव माँ है तो 06 माह तक शिशु को स्तनपान करा सकती है।एचआईवी एडरोकथाम जांच हेतु जिला चिकित्सालय तीन सेंपल भेजनें के बाद घोषित होता है। वैसे देखा जाये तो जिला चिकित्सालय मे 5 ड्रॉप्स लिए जाते है। हमारी टीम द्वारा अगर कोई व्यक्ति एचआईवी से ग्रस्त है तो उसका सेम्पल कस्तूरबा हॉस्पीटल मुंबई पहुंचाया जाता है। वहां से 1माह 15 दिन मे रिपोर्ट आती है। यह सेम्पल लेने के बाबजूद 18 माह पश्चात पक्की कन्फर्म रिपोर्ट दी जाती है।अगर कोई व्यक्ति एचआईवी से ग्रस्त व्यक्ति के सम्पर्क मे आ जाता है तो अढ्ठसेंटर पर आ सकता है।जहा तुरंत जांच की जाती है। फिर काउंसलिंग की जाती है। मंदसौर जिले मे एचआईवी संक्रमित की संख्या वर्तमान मे लगभग 1300 से भी ज्यादा है। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक तृप्ती वैरागी द्वारा बताया गया की समाज में रहते हुए एचआईवी पीड़ित व्यक्तियों की सहायता करना है।

## देव झूलनी ग्यारस मनाई

**मंदसौर/झावल, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार को जलझूलनी ग्यहरस पर ग्रामीणों ने बडे धुमधाम व डोल डीजे के साथ ठाकुर जी सवारी निकाली गई, एव सभी भक्त सवारी के साथ मे नाचते भजन गाते झूमते हुए चल रहे है, विभिन्न मंदिरो से ठाकुर जी कि सवारी निकाली गई है। नगर मे ठाकुर जी सवारी मंदिर से प्रारंभ होकर गाव के समीप पर पहुंची व भगवान स्नान कराया गया, महाआरती कि गई व प्रसादी वितरण कि गई। गाव के प्रमुख मार्गों र्से होते हुए वापस मंदिर पहुचे ! जहा महाआरती कर प्रसादी वितरण कि गई, बडी संख्या ठाकुर जी सवारी ग्रामीण उपस्थिति रहे है।



## द्वारकाधीश मंदिर से वेवाण ठाट-बाट के साथ निकले

**मंदसौर, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जलझूलनी एकादशी ग्यारस पर श्री द्वारकाधीश मंदिर से भगवान श्री द्वारकाधीश का बाल स्वरूप वैवाण में विराजमान होकर शहर की जनता के हाल जानने ढोल धमाकों व अखाडे के साथ बड़े ही ठाट-बाट से शोभा यात्रा के रूप में भ्रमण पर निकले। भव्य शोभायात्रा ढोल-ढमाकों के साथ शहर के विभिन्न मार्गो से भक्त मंडली के गायक कलाकार सुमधुर भजन गाते तथा अखाड़े के खिलाडी करतब दिखाते, नाचते झूमते द्वारकाधीश की जय्चारभुजानाथ की जय.... सांवलिया सेठ की जय... आलकी की पालकी जय कन्हैया लाल की... हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की... जयघोष करते हुए चल रहे थे।सभी खिलाड़ियों ने बारी-बारी से करतब दिखाए। शोभा यात्रा श्री द्वारकाधीश मंदिर से सभी समाज बंधुओं द्वारा अधिक संख्या में उपस्थित होकर दोपहर 1.30 बजे प्रारंभ हुई खानपुरा पुलिया घंटाघर कालाखेत होती हुई गांधी चौराहा विश्वपति शिवालय से परिभ्रमण करते हुए पशुपतिनाथ शिवना नदी पहुंची।पशुपतिनाथ शिवना नदी पर स्नान हेतु ले जाया गया। जहां पर बाल स्वरूप भगवान लड्डूगोपाल को स्नान करवाने के बाद पुन: ढोल धमाकों के साथ द्वारकाधीश मंदिर लाया गया जहां पर लड्डूगोपाल को पालने झुले में विराजमान किया गया। मंदिर पर आरती की प्रसाद वितरण किया गया। उक्त जानकारी ललित भाटी ने दी।



## सरस्वती विहार मंदसौर के खिलाड़ियों ने जीत का परचम

**मंदसौर, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** विद्या भारती मालवा द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता में सरस्वती विहार शैक्षणिक संस्थान संजीत मार्ग मंदसौर के खिलाड़ियों ने प्रान्त स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता उज्जैन में 17 गोल्ड, 8 सिल्वर, 4 ब्रांज मेडल जीत कर परचम लहराया। ये खिलाड़ी क्षेत्रीय प्रतियोगिता खंडवा मे मालवा प्रान्त का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों एवं खेल शिक्षकों को सरस्वती विहार एवं भारतीय आदर्श शिक्षण समिति ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

## आयुर्वेद व एक्यूप्रेशर प्राकृतिक चिकित्सा शिविर 18 को

**मंदसौर, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** 18 सितम्बर, बुधवार को प्रात: 9 से सायं 5 बजे तक आर्य समाज मंदिर तरण ताल के सामने दूसरी मंजिल मंदसौर आयुर्वेद व एक्यूप्रेशर प्राकृतिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें वैद्य ओमप्रकाश देवासी एवं थैरेपिस्ट अर्जुन कटारिया एम.डी. (एक्यू.) द्वारा अपनी सेवाएं दी जाएगी। आर्य समाज में यह शिविर हर माह की 18 तारीख को लगाया जाएगा। इस शिविर में जर्मन टेक्नोलॉजी बॉडी एनालाइजर मशीन द्वारा पूरे शरीर की जांच करके बीमारियों का पता लगाकर देशी दवाइयों व एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति से कब्ज, गैस, खांसी, पित, सफेद पानी, खून की कमी, अस्थमा,बीपी, शुगर, नसों में ब्लॉकेज,माइग्रेन आदि सभी बीमारियों का सफल इलाज किया जाएगा।


दिनांक 16 सितम्बर 2024

अपनी कुण्डली स्वयं देखे-

ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ

जन्म कुण्डली में चंद्रमा अशुभ होने पर...



✲ यदि आपकी जन्म कुंडली में चंद्रमा के कारण स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो रही हो तथा चंद्रमा जन्म कुंडली के छठे या आठवे भाव में स्थित हो तो पूर्ण चन्द्र की पूजा के साथ ही प्याऊ लगवाना, कुआं खुदवाना या किसी न किसी तरीके से जल सेवा करना आपके लिये शुभफल दायी रहेगा।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर

7024667840,8085381720


# मनासा का प्रशासन सत्ता पक्ष के डमरू पर नाचना बंद करे-पाटीदार

### आमरन अनशन में 5 गांव के युवाओं ने एक दिन का क्रमिक अनशन कर दिया समर्थन

**मनासा, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र के आदीवासी किसानो और मजदुरो के हक के लिए पिछले छ: दिनो से सरकार और प्रशासन के खिलाफ आमरन अनशन कर रहे जिला पंचायत सदस्य आर. सागर कछावा का स्वास्थ्य अब धीरे धीरे डाउन होता जा रहा है। इसके बाद भी प्रशासन अमानवीय होकर गुंगा और बहरा हो गया है। मानवीय मुल्यों को दरकिनार कर सत्ता पक्ष के डमरू पर नाच रहा है। लेकिन अब प्रशासन अब सत्ता के डमरू पर नाचना बंद करे अन्यथा परिणाम अच्छे नही होंगे। प्रदेश की भाजपा सरकार पुरी तरह से खोचाली हो गई है। संबल योजना में मृत्यु के बाद मिलने वाली सहायता राशी दो साल बाद भी हितग्राहीयो को नही मिल रही है। इस मांग के साथ ही किसानो के हक के लिए 16 सुत्रीय मांगो को लेकर छ: दिनो से जिला पंचायत सदस्य आमरन अनशन कर रहे है। इसके बाद भी प्रशासन और सरकार के नुमाइंदे सुनने को तैयार नही है। इससे बडा सरकार और प्रशासन का अमानवीय चेहरा और क्या हो सकता है।

यह बात भानुपुरा जनपद पंचायत अध्यक्ष विजय पाटीदार ने कही। वे रविवार को पूर्व मंत्री सुभाष सोजतियां के प्रतिनिधी के रूप में जिला पंचायत सदस्य आर. सागर कछावा के आमरन अनशन को समर्थन देते हुए बोल रहे थे। पाटीदार ने कहा कि किसानो को सोयाबीन का भाव 6 हजार नही 8 हजार मिलना चाहिए। मैं जनपद अध्यक्ष हूं लेकिन सरकार की हकीकत यह है कि सरकार रोज नई योजनाएं लांच कर रही है लेकिन सरकार के पास फंड नही है। दो साल से संबल योजना के हितग्राहीयो को सहायता राशी नही मिल रही है। वे धक्के खा रहे है। जनपद अध्यक्ष ने कहा कि कछावा के अनशन के बारे में पूर्व मंत्री सोजतियां ने संज्ञान लेते हुए कांग्रेस के माध्यम से विधानसभा में मामला उठाने की बात कहीं है। पाटीदार ने कहा कि इतना बडा साहसिंक निर्णय लेकर आम जन और किसानो की लडाई कछावा ने शुरू की है उसके लिए कांग्रेस संगठन सलाम करता है। वही जिला कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष चंद्रशेखर पालीवाल ने प्रशासन पर प्रहार करते हुए कहा कि पिछले छ: दिनो से एसडीएम आफिस के बाहर एक व्यक्ति किसानो और आदीवासीयों के साथ हुए अत्याचार अन्याय के खिलाफ आमरन अनशन कर



रहा है। और प्रशासन का एक भी जवाबदार अधिकारी अभी तक सुध लेने तक नही आया। प्रशासन अमानवीय और संवेदनहिन हो चुका है जो एक व्यक्ति को मरने पर छोड दिया है। मनासा का प्रशासन सत्ता के दबाव में तानाशाह हो गया है। पालीवाल ने कहा कि प्रशासन के अधिकार क्षेत्र में जिन मांगो को हल करने का अधिकार है उन समस्यांओ पर भी चर्चा करने को तैयार नही है। कांग्रेस पुरी तरह से कछावा के अनशन में साथ खडी है। कांग्रेस ने हमेशा किसानो मजलुमो और आदीवासीयों की लडाई लडी है। और कछावा भी कांग्रेस के विचारो को आगे बढाने का काम कर अन्याय के खिलाफ संघर्ष कर रहे है उनके इस संघर्ष में हम सभी साथ है। भानपुरा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विरेन्द्रसिंह हाडा, ने कहा कि प्रशासन समय रहते 16 मांगो का निराकरण करे अन्यथा प्रदेश स्तर पर कांग्रेस इस लडाई को सडक से लेकर सदन तक लडेगी। अनशन के छटवें दिन भानपुरा जिला पंचायत सदस्य रामेश्वर रावत, नगर परिषद अध्यक्ष विनोद (शिव) भानपिया, कुकडेश्वर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश राठौर, पूर्व किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओम रावत, युवा कांग्रेस विधानसभा महासचिव अशोक गुर्जर, युवा कांग्रेस जिला महासचिव मोहित जोशी, सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओ और किसानो का समर्थन मिला।

**इन 5 युवाओ ने कछावा के साथ एक दिन का किया क्रमिक अनशन–** आमरन अनशन के छटवें दिन जिला पंचायत सदस्य को समर्थन देने के लिए पांच गांव के 5 युवाओ ने मनासा अनशन स्थल पहुचकर एक दिन की क्रमिक भूख रखकर अनशन किया। जिनमें हिम्मतसिंह चंद्रावत (छोटु बना ) पिपल्या हाडी, सद्दालाल गरासिया दाता, पंकज गरासिया साकरियाखेडी, राजेन्द्र दायमा जुनापानी, जीवन दायमा किरपुरिया ने क्रमिक भुख हडताल कर समर्थन दिया। जिनका ष्शाम 5 बजे जिला कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष पालीवाल ने ज्यूस पिलाकर क्रमिक अनशन समाप्त करवाया।

**उज्जैन जिले के बंजारा समाज के युवाओ ने भी दिया समर्थन–**जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी कछावा को मनासा विधानसभा क्षेत्र के अलावा उज्जैन जिले के बंजारा समाज के युवाओ का भी रविवार को समर्थन मिला। अनशन को समर्थन देने उज्जैन जिले से विजय बंजारा घोसला, सोनू गौड घोसला, राम बंजारा रलायती ,कमल राय घोसला, सुनिल बंजारा रलायती, मुकेश चावडा घोसला, कालूराम बंजारा घोसला, संजय मालवीय घोसला का ने समर्थन दिया।

## कल कांग्रेसजन की जिला कांग्रेस के प्रभारी दिनेश जैन बैठक लेंगे

**मंदसौर, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नवनियुक्त जिला कांग्रेस प्रभारी व महिदपुर विधायक श्री दिनेश जैन बॉस आगामी 17 सितंबर को प्रात: 11:00 बजे जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में बैठक लेंगे । इस बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जैन व कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेतागण बैठक में सम्मिलित हो कर मार्गदर्शन देंगे । जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजनारायण लाड़ ने बताया की जिला कांग्रेस के प्रभारी श्री जैन बैठक में आगामी दिनों में जिला व प्रदेश में होने वाली पार्टी की गतिविधियों के बारे में विस्तार से कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी को बताएंगे। श्री लाड़ ने इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्षगण व पदाधिकारी, सभी मोर्चा संगठन ,मंडलम, सेक्टर के अध्यक्ष गण व पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस बैठक में भाग लेने का आग्रह किया।



**गणेशजी को लगा नेवेद्य**–श्री हरिहर धाम लक्ष्मी नगर मंदसौर में रविवार को गणेशजी को 56 भोग का निवेध्य लगाया गया।

## राजस्थान पहुंचे आरएसएस प्रमुख, कहा.....

# हम कहां पिछड़ रहे हैं, इसकी चर्चा जरूरी, समाज में समरसता होनी चाहिए



**अलवर, 15 सितम्बर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने स्वयं सेवकों को परिवार और समाज से जुड़े 5 सूत्र बताए। उन्होंने कहा- हम कहां पिछड़ रहे हैं, इसके बारे में चर्चा करने की जरूरत है। गरीब के साथ जुड़ाव रखें, उनको घर पर लेकर आएं और उनके घर पर भी जाएं। मोहन भागवत पांच दिन से अलवर प्रवास पर हैं। रविवार को वे सुबह 6.30 बजे इंदिरा गांधी स्टेडियम पहुंचे, यहां स्वयं सेवकों को संबोधित किया। स्वयं सेवक डॉ। राजकुमार गुर्जर ने भास्कर से कार्यक्रम में हुए भागवत के संबोधन को साझा किया।

भागवत ने कहा- हम सभी को परिवार के सदस्यों के बीच बैठकर बातचीत करते रहना चाहिए। शाम को खाना खाते समय एक साथ बैठे, ताकि सभी के मन की बात पता रहे। अपने गांव-ढाणी के गरीब परिवारों को आगे बढ़ाने की सोच रखनी चाहिए। गरीब के घर भी जाना चाहिए। गरीब को भी अपने घर बुलाना चाहिए। समाज में समरसता का माहौल रहना चाहिए। हर तबके को साथ लेकर चलना चाहिए। उन्होंने कहा- घर में क्या हो रहा है और क्या होना चाहिए, इस पर परिवार में एक-दूसरे के विचार जरूरी हैं। दूसरा हम समाज के लिए क्या कर रहे हैं, इस पर विचार करने की जरूरत है। जिस राज्य में आप रहते हैं, उसकी वेशभूषा और खान-पान का पता रहना चाहिए। एक जगह शाखा लगाए, जिसमें हमें एक-दूसरे का पता रहना चाहिए। हम कहां पिछड़ रहे हैं, इसके बारे में चर्चा करने की जरूरत है। भागवत ने कहा कि पिछड़ेपन को दूर करने के लिए हम सबको काम करने की जरूरत है। रण में जाए बिना भी देश सेवा की जा सकती है। अपनी कॉलोनी में सफाई करके भी देश सेवा कर सकते हैं। समाज को उन्नतिशील बनाए, चरित्र और शिक्षा को बेहतर बनाकर देश सेवा हो सकती है। उन्होंने कहा- देश में समरसता होनी चाहिए, हर व्यक्ति अपने आप को भारत का नागरिक समझे।

**पौधे वृक्ष बने, इसकी सबको चिंता करने की जरूरत**–भागवत ने पौधारोपण करने के बाद कहा कि ये लगाए गए पौधे वृक्ष बने, इसकी सबको चिंता करने की जरूरत है। आने वाली पीढ़ी को यह एक विशेष सौगात होगी। हमने प्रकृति से खूब लिया है, अब प्रकृति को भी संवारने की जरूरत है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और प्रदेश सरकार में वन मंत्री संजय शर्मा भी मौजूद थे। क्रस्स् प्रमुख ने यहां 11 पौधे लगाए गए हैं। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा- भूरासिद्ध वन क्षेत्र को मातृवन के रूप में विकसित किया जा रहा है। वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा- 4 अगस्त को मातृवन की शुरुआत की गई थी, तब 8 हजार पौधे लगाए गए थे।

## मौसमः दो दिन बाद फिर बारिश की संभावना

**मंदसौर, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** अंचल में पिछले तीन दिनों से बारिश नहीं हुई। इधर जिले की सामान्य औसत बारिश का आंकड़ा पार हो गया है। रविवार सुबह 08 बजे तक जिले में 33.16 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। रविवार को भी तेज धूप खिली रही। मौसम जानकारों की माने तो दो दिन बाद जिले में बारिश का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस माह बारिश का तीसरा स्ट्रांग सिस्टम रविवार से एक्टिव हो रहा है। अगले तीन दिन बारिश होगी। जिले में 17-18 सितंबर को बारिश का अनुमान है।मौसम वैज्ञानिक प्रकाश दावले ने बताया, 'बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) एक्टिव हो गया है। यह आगे बढ़ रहा है। अगले 24 घंटे के दौरान यह मध्यप्रदेश में छा जाएगा। मानसून ट्रफ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी सक्रिय है। इस वजह से भारी बारिश का अलर्ट है। 18 सितंबर से प्रदेश में बारिश की एक्टिविटी घट जाएगी। जिले में रविवार सुबह तक ओवरऑल 33.16 इंच (842 मिमी.) औसत बारिश दर्ज की गई है। इधर चम्बल नदी पर बने गांधी सागर बांध का जलस्तर 1310.06 फीट पहुंच गया है।

## शिकायत की तो दी जान से मारने की धमकी

**पिपलियामंडी, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मछली की दुकान हटाने की शिकायत करने पर दुकानदार को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पिपलियामंडी अग्रवाल मोहल्ला निवासी निवासी रोहित पिता बालकिशन अग्रवाल ने मल्हारगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरी बिल्डिंग मटेरियल की दुकान मल्हारगढ पगारिया पंप के पास है, मेरी दुकान के पास अयुब पिता नन्हें खां ने मांस, मछली की दुकान खोल रखी है, मैंने इसकी शिकायत नगर पालिका व तहसील कार्यालय में की थी, इसी बात को लेकर अयुब के साथ ही अयुब के साथ ही सलमान पिता अयुब व अवैश आया और गाली-गलौज की व कहा कि शिकायत वापस नही ली तो जान से मार देंगे। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

# बुजुर्गों को हर साल 5 लाख का फ्री इलाज, आयुष्मान योजना में जुड़ेगा 70 से अधिक आयु वालों का नाम

**भोपाल, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** केंद्र सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना में 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए किए गए नए प्रविधान से प्रदेश में 50 हजार से अधिक ऐसे लोगों को और लाभ मिल सकेगा जो आयकर दाता हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश के चार लाख 30 हजार पेंशनर्स में से 70 वर्ष से अधिक के लगभग दो लाख योजना में शामिल हो जाएंगे।

इस तरह इस आयु सीमा के लगभग ढाई लाख नए हितग्राही जुड़ेंगे। इसमें वे हितग्राही भी सम्मिलित होंगे जो गरीबी रेखा से ऊपर (एपीएल) होने के कारण योजना से बाहर थे। अनुमान के अनुसार प्रदेश में 70 वर्ष से अधिक के लोगों की संख्या लगभग 35 लाख है, जिन्हें योजना में किए गए नए प्रविधानों का लाभ मिलेगा।



**प्रतिवर्ष 5 लाख की बीमा कवर**– नई व्यवस्था में 70 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी हितग्राहियों को अलग कार्ड दिया जाएगा, जिसमें उन्हें प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये का अतिरिक्त बीमा कवर भी मिल सकेगा। यह राशि परिवार के साथ प्रतिवर्ष मिलने वाले पांच लाख रुपये के बीमा कवर के अतिरिक्त होगी।

**एनएचए पोर्टल पर अपलोड दस्तावेजों के आधार पर बनेगा कार्ड**– आयुष्मान भारत योजना मध्य प्रदेश के अधिकारियों ने बताया कि चिह्नित लोगों का नाम नेशनल हेल्थ अथारिटी (एनएचए) द्वारा ही पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इसी आधार पर कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी। बुजुर्गों को यह सुविधा निश्शुल्क मिलेगी।केंद्र सरकार की मंत्रिपरिषद ने हाल ही में योजना को स्वीकृति दी है।

**प्रदेश सरकार बनवाएगी कार्ड**– अब हितग्राहियों के कार्ड बनाने की जिम्मेदारी राज्यों की है। एनएचए की ओर से इस उम्र सीमा में आने वाले हितग्राहियों का डाटा सभी राज्यों से मांगा गया है। प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना का संचालन करने वाली स्टेट हेल्थ अथारिटी (एसएचए) ने सांख्यिकी विभाग से 70 वर्ष से अधिक आयु वालों की जानकारी मांगी है।

**अभी यह स्थिति**–वर्ष 2018 से चल रही आयुष्मान भारत योजना में एक करोड़ 20 लाख परिवार के चार करोड़ 70 लाख हितग्राही हैं। प्रदेश के 549 निजी और 495 सरकारी अस्पतालों में योजना के अंतर्गत उपचार की सुविधा है। उपचार के लिए 1900 से अधिक बीमारियों का पैकेज तैयार किया गया है। इन्हीं में से 70 वर्ष से अधिक के बुजुर्गो को भी लाभ मिलता है। अलग से उनके लिए कोई बीमारी चिह्नित नहीं की गई है।

## गांधीसागर में सर्पदंश से बचाव के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मंदसौर, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** गाँधीसागर अभयाराण्य में वन विभाग द्वारा सर्पदंश से बचाव के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गांधीसागर में हुआ। यदि वन विभाग के माध्यम से अभ्यारण क्षेत्र के आसपास लगने वाले ईको विकास समितियों के कुछ इच्छुक सदस्यों को सांप रेस्क्यू का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सांप रेस्क्यू की किट उपलब्ध करा दी जाएगी जिससे सांपों की पकड़ कर सके।



## डोडाचूरा के साथ महिला को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने अवैध डोडाचूरा के साथ महिला को पकड़ा। मुखबिर की सूचना पर रविवार को पिपलिया पुलिस ने महू-नीमच मार्ग पर बही टोल के निकट एक महिला को पकड़ा। इसके कब्जे से 10 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान महिला ने अपनी पहचान रायसेन निवासी मुन्नीबाई पति मांगूसिंह होना बताई। पुलिस ने डोडाचूरा जब्त कर एनडीपीएस एक्ट की धारा में केस दर्ज किया।

# बार-बार गलती क्षमा योग्य नहीं होती-स्वामी सरस्वती

**मंदसौर, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा मंदसौर पर दिव्य चातुर्मास पूज्यपाद 1008 स्वामी आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती ऋषिकेश के सानिध्य में चल रहा है। स्वामी जी द्वारा प्रतिदिन प्रात: 8.30 से 10 बजे तक श्रीमद् भागवद् महापुराण के एकादश स्कन्द का का वाचन किया जा रहा है।

रविवार को धर्मसभा में स्वामी श्री आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती न कहा कि ज्ञानी व्यक्ति अपने ज्ञान के माध्यम से आत्म कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। आपने कहा कि कोई व्यक्ति गलती करता है तो उसका प्रायश्चित माफी मांगकर सकता है शास्त्रों में क्षमा वीरस्य भूषणं कहा गया कोई कितनी भी बडी गलती करें वह क्षमा योग्य होती है लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि गलतीयों को बार - बार किया जायें और माफी मांग ली जायें। बार - बार की गई माफी योग्य नहीं होता है। क्योंकि बार - बार गलती या गलत कार्य करने वाले को तो भगवान भी माफ नहीं करते है। आपने कहा कि शास्त्रों केअनुसार ज्ञान, भजन, योग से भगवान को प्राप्त किया जा सकता है। आपने बताया कि शास्त्रों में व्यक्ति के समझ अनुसार उपदेश दिये गये है लेकिन सार सभी का एक ही होता है। विभिन्न शास्त्रो में ऋषि मुनियों, ज्ञानियों ने अलग - अलग तत्वों के बारे में बताया लेकिन सार सभी का एक ही है। हमें शास्त्रों में वर्णित उपदेशों का पालन करना चाहिए इनका उल्लघंन नहीं करना चाहिए। सांसारिक जीवन हो या सन्यासी जो शास्त्रों के नियमों का पालन करता सदैव सुखी रहता है। कार्यक्रम के अंत में भगवान की आरती उतारी गई एवं प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में महिलाएं पुरूष उपस्थित थे।



## लव मैरिज की बात पर पीटा, तीन पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 15 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** लव मैरिज की बात पर महिला के साथ मारपीट पर पुलिस ने केस दर्ज किया। नाहरगढ़ निवासी निर्मला पति परशराम मेघवाल ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरी बुआ सास फतेहगढ़ निवासी धापूबाई पति रतनलाल सूर्यवंशी के बेटे ने मेरी लड़की अलका से शादी कर ली थी। मेरी बुआ सास मेरे काका ससुर फकीचंद के यहां घर पर दिखी तो मैंने कहा कि तुम्हारे लड़के ने मेरी बेटी से लव मैरिज क्यों की। धापूबाई के साथ ही फकीरचंद व संजय तीनों ने मिलकर गाीी-गलौज की व लकड़ियों से पीटा, जिससे चोंट आई। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।


पं.क्र. DR/MDS/945, दिनांक 02.04.2011

**कार्यालय नागरिक साख सहकारी संस्था मर्या. मंदसौर (म.प्र.)**

संतोष निवास, सुदामा नगर, रेवास देवड़ा रोड, रामटेकरी, मंदसौर (म.प्र.)

क्र./ना.सा.सह.सं/आमसभा/2024 मंदसौर दिनांक 13.09.2024

**वार्षिक आमसभा का सूचनापत्र**

**(केवल सदस्यों के लिए)**

**माननीय सदस्य महानुभावों,**

नागरिक साख सहकारी संस्था मर्यादित मंदसौर की 13वीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 29.09.2024 रविवार को दोपहर 01:00 बजे संस्था कार्यालय सुदामा नगर, रामटेकरी, मंदसौर में निम्न विषय सूची अनुसार निर्णय लेने हेतु आयोजित की गई है।

कृपया उक्त दिनांक को नियत समय व स्थान पर उपस्थित होने का कष्ट करें। उक्त दिनांक को यदि नियत समय पर साधारण सभा के लिए गणपूर्ति नहीं होती है तो साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर निर्धारित समय के आधे घण्टे पश्चात् अर्थात् 01:30 बजे से प्रारंभ की जावेगी, जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं रहेगी।

विषय सूची- ✻ वर्ष 2023-24 के वार्षिक पत्रक की स्वीकृति प्रदान करना। ✻ वर्ष 2025-26 के आय-व्यय का अनुमानित बजट स्वीकृत करना। ✻ म.प्र. सहकारी अधिनियम 1960 की धारा 58 के नवीन प्रावधान अनुसार वर्ष 2024-25 के अंकेक्षण हेतु संपरीक्षक की नियुक्ति पर विचार करना। ✻ संस्था के सदस्यों के आधार कार्ड की छायाप्रति व मोबाइल नंबर की जानकारी संस्था को देने बाबत। ✻ अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्रस्तुत होंगे उन पर विचार करना।

**बी.आर. मोरे** — **प्रबंधक**

**सुश्री हिमांगीनी शर्मा** — **प्रशासक**



पं.क्र. DR/MDS/1055, दिनांक 03.07.2014

**कार्यालय राजस्व कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, मंदसौर (म.प्र.)**

कार्यालय: 114 कर्मचारी कालोनी, मिड इंडिया के पीछे, मंदसौर म.प्र.

क्र./आमसभा/2024 मंदसौर, दिनांक 13.09.2024

**वार्षिक आमसभा का सूचनापत्र**

**(केवल सदस्यों के लिए)**

**माननीय सदस्य महानुभावों,**

राजस्व कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित मंदसौर की 8वीं वार्षिक आमसभा दिनांक 28.09.2024 शनिवार को दोपहर 1:00 बजे, स्थान-एच टाईप क्वार्टर, बालाजी मंदिर, मंदसौर पर निम्न विषय सूची अनुसार निर्णय लेने हेतु आयोजित की गई है। जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। उक्त दिनांक को यदि नियत समय पर साधारण सभा के लिए गणपूर्ति नहीं होती है तो साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर निर्धारित समय के आधे घण्टे पश्चात् अर्थात् 01:30 बजे से प्रारंभ की जावेगी, जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं रहेगी।

विषय सूची - ✻ वर्ष 2023-24 के वित्तीय पत्रकों पर विचार कर स्वीकृत करने बाबत्। ✻ संस्था के वर्ष 2025-26 के अनुमानित बजट पर विचार कर स्वीकृत करने बाबत्। ✻ संस्था की प्रबंध कारिणी समिति द्वारा पारित प्रस्तावों की पुष्टि करने बाबत्। ✻ म.प्र. सहकारी अधिनियम 1960 की धारा 58 के नवीन प्रावधानों के तहत वर्ष 2024-25 के लिए विभागीय अंकेक्षक की नियुक्ति करने बाबत्। ✻ अन्य विषय जो अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्रस्तुत होंगे, उन पर विचार करना। ✻ संस्था के सदस्यों के आधार कार्ड की छायाप्रति व मोबाईल नम्बर की जानकारी संस्था को देने बाबत्।

**बी.आर. मोरे** — **प्रबंधक**

**टी.आर. गुन्द्रावत** — **प्रशासक**













स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in